Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 9 December 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-10 Issue - 27

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week उच्चतम न्यायालय ने साल 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में चार दोषियों को तुरंत मौत की सजा देने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
रैपिड रेल कॉरिडोर में चार स्टेशनों के बदलेंगे...

पेज नंबर 5
Broker found dead near Crossings police outpost

इंदिरापुरम गैलोर ने किया स्लम एरिया में भोजन और कपड़ों का वितरण

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आर्थिक और सामुदायिक विकास के अंतर्गत की सेवा

गाजियाबाद : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने शनिवार को वसुंधरा के स्लम एरिया में कपड़े व भोजन का वितरण किया। कपड़े पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। क्लब की टीम सर्वप्रथम वसुंधरा सेक्टर–तीन स्थित झुग्गी–झोपड़ी में रह रहे लोगों के पास पहुंची। भोजन व कपड़े देखकर यहां काफी संख्या में झुग्गी झोपड़ी के लोग एकत्र हो गए। इस दौरान सभी को भोजन खिलाया गया तथा कपड़े बांटे गए। सर्दी में कपड़े मिलने से सभी काफी खुश हो गए। यहां कई बच्चे ऐसे मिले जिनके बदन पर इस कड़कड़ाती सर्दी में कपड़े तक नहीं थे। इसके बाद टीम वसुंधरा सेक्टर–10 स्थित स्लम एरिया में पहुंची और यहां भी कपड़े व भोजन बांटा। यहां भी सैकड़ों जरूरतमंदों को कपड़े बांटे गए। चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव ने बताया कि क्लब द्वारा हर वर्ष कपडे व भोजन का वितरण किया जाता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, फुटपाथ व स्लम एरिया में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाने के लिए समय–समय पर कंबल भी बांटे जाते है। वहीं कुनिका भार्गव ने कहा कि जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करना ही मानव धर्म है। भोजन व कपड़े वितरण में चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज भार्गव, पूर्व अध्यक्ष मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, कुनिका भार्गव, पूनम बाला, संजय शर्मा व विक्रम आदि ने सहयोग किया।

संबंधित फोटो पेज 8 पर

केडीपी बिल्डर का गेट व ऑफिस को प्रशासन ने किया गया सील

गाजियाबाद : बकाया स्टांप पर प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए केडीपी बिल्डर के ऑफिस व गेट समेत सात की संपत्ति पर सील लगा दी। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों के व विद्युत कनेक्शन काटे गए। मंगलवार को कुल 23 मामलों में कार्यवाही की गई। इसकी एवज में प्रशासन ने मंगलवार को 37.10 लाख रुपये राजस्व की वसूली की। एसडीएम सदर विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन में केडीपी बिल्डर ग्रुप के मनोज गोयल पर 5.50 करोड़ रुपये का स्टांप बकाया था। इसके चलते उनकी आरसी जारी की गई थी। इसके बावजूद भी बकाया स्टांप शुल्क जमा नहीं किया जा रहा था। इस पर मंगलवार को नायब तहसीलदार व अमीन की टीम भेजकर केडीपी बिल्डर का ऑफिस व गेट पर सील लगवा दी गई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही साहिबाबाद के डीएलएफ स्थित प्रीति पत्नी विकास का 50 हजार रुपये विद्युत बिल बकाया होने पर फ्लैट सील किया गया। डीएलएफ में ही 40 हजार का विद्युत बिल बकाया होने पर संजय कंसल का फ्लैट सील किया गया।

Cricket stadium on track, funds won't queer pitch

GHAZIABAD: The UP Cricket Association (UPCA) on Thursday agreed to Ghaziabad Development Authority's (GDA) demand for funds to build India's largest international cricket stadium in the city. This comes two days after TBC reported that the stadium proposal had stalled due to a funds stalemate between the cricket body and GDA. According to the understanding, the association will mortgage a portion of the stadium's land, worth Rs 7.5 crore, following which GDA will approve the map. Work on the stadium is expected to start by January 15, officials said. Another bone of contention was floor area ratio (FAR). The association has been demanding enhanced FAR on which the development authority has been dragging its feet. "After CAG raised objection to GDA not charging Rs 7.5 crore acquisition fee from UPCA, we had to keep the stadium's map approval in abeyance," said Kanchan Verma, vice-chairperson, GDA.

TIRUPATIEYE

लोन घोटाले में गारंटर को कोर्ट ने भेजा जेल

गाजियाबाद : लोन घोटाले में सीबीआइ कोर्ट ने बैंक गारंटर को जेल भेज दिया। आरोपित ने कोर्ट में समर्पण कर जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। मामला नोएडा के सेक्टर 27 स्थित पंजाब नेशनल बैंक का है। वर्ष 2013 में इस बैंक से करीब नौ करोड़ का कारोबारी लोन घोटाला हुआ था। कविनगर के रहने वाले कारोबारी अश्वनी चानना और गिरीश चानना ने नोएडा के बैंक से नौ करोड़ का लोन लिया था।

18 दिसंबर को लगेगा पशु आरोग्य मेला

गाजियाबाद : 18 दिसंबर को लोनी में पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया जाएगा। बीमार, बांझपन समेत अन्य रोगों का इस मेले में पशु चिकित्सकों के द्वारा इलाज कराया जाएगा। पशुपालन विभाग इन दोनों मेलों की तैयारियों में लगा हुआ है। वे सभी पशुपालक जिनके पशुओं को टीकाकरण नहीं हुआ है, वे भी इस मेले में आकर अपने पशुओं को टीका लगवा सकते हैं।

खोड़ा में मीट की दो अवैध दुकान सील

गाजियाबाद : खोड़ा में अवैध रूप से चल रही मीट की दो दुकानों को प्रशासन ने मंगलवार को सील कर दिया। यह दुकाने बिना लाइसेंस और मानकों के विपरीत चल रही थीं। एसडीएम सदर विवेक मिश्र ने बताया कि मंगलवार को उनके नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष सिंह, थाना प्रभारी खोड़ा धर्मेंद्र सिंह व नगर पालिका की टीम को साथ लेकर खोड़ा का निरीक्षण किया गया।

रैपिड रेल कॉरिडोर में चार स्टेशनों के बदलेंगे एंट्री व एग्जिट प्वॉइंट

गाजियाबाद : दिल्ली सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक प्रस्तावित हाई स्पीड ट्रेन के प्रोजेक्ट के गाजियाबाद में पड़ने वाले चार स्टेशनों के प्रवेश और निकास बिंदु में परिवर्तन किया जा सकता है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने चारों स्टेशनों के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट में बदलाव के लिए जीडीए, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। एनसीआरटीसी के मुताबिक स्टेशनों के प्रवेश व निकास बिंदु में परिवर्तन लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। रैपिड रेल का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले दिल्ली–मेरठ हाइवे पर

गाजियाबाद के मेरठ तिराहे से लेकर दुहाई तक सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। निर्माण करने पर एनसीआरटीसी की डिजाइनर टीम की ओर से लोगों की सुविधा के लिहाज से स्टेशनों के डिजाइन व लेआउट में परिवर्तन पर मंथन किया जा रहा है। इसके तहत चार स्टेशनों के ले–आउट में कुछ बदलाव के लिए जीडीए, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी से अनुमति मांगी गई है। जीडीए मुख्य अभियंता विवेकानंद सिंह का कहना है कि एनसीआरटीसी ने रैपिड रेल के चार प्रोजेक्ट के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट में बदलाव के लिए प्राधिकरण से एनओसी की मांग की है। स्टेशनों का ले–आउट देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा। हाई स्पीड ट्रेन में दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ रोड के कॉरिडोर की पहले लंबाई 92 किलो मीटर थी। इसमें से मेरठ में एक स्टेशन कम किए जाने से कॉरिडोर की लंबाई घटकर 82 किमी रह गई है। कॉरिडोर पर 55 मिनट में सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक पहुंचा जा सकेगा। प्रोजेक्ट का कुल बजट 32,598 करोड़ रुपये है। प्रोजेक्ट में यूपी सरकार 4300 करोड़, दिल्ली सरकार 861 करोड़ और केंद्र सरकार 5165 करोड़ रुपये अंशदान देगी।

इन चार स्टेशनों के बदलेंगे प्रवेश व निकास बिंदु

गुलधर स्टेशन, मुरादनगर, मोदीनगर नार्थ और मोदीनगर साउथ के प्रवेश व निकास बिंदु में परिवर्तन किया जाना है। सराय काले खां से मेरठ मोदीपुरम कॉरिडोर पर कुल 24 स्टेशन है।

सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से झटका

गाजियाबाद : नोएडा प्राधिकरण घोटाले व आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपित कुसुम लता को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश आने तक कुसुम लता से संबंधित मामलों की सुनवाई सीबीआई कोर्ट में नहीं होगी। मंगलवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सुनवाई के लिए कुसुम लता, यादव सिंह सहित अन्य आरोपी विशेष सीबीआई कोर्ट में पेश हुए। आरोपित के अधिवक्ता ने अदालत को सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश तक सुनवाई पर रोक लगा दी है।

19 व 20 दिसंबर को जिले में आयोजित होगा रंगोत्सव कार्यक्रम

गाजियाबाद : जिले में 19 व 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले रंगोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा व्यवसायिक कलाकारों, स्कूली शिक्षकों, ललित कला अकादमी छात्र–छात्राएं, विद्यालय, महाविद्यालय, संस्थाओं, कला विभाग समेत अन्य व्यक्ति जो चित्रकला में रूचि रखता है कि लिए यह रंगोत्सव प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने बैठक में बताया कि इस प्रतियोगिता का विषय समाज में व्याप्त बुराईयों के उन्मूलन से संबंधित है।

जीत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भरा जोश

गाजियाबाद : छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पार्टी को लंबे समय बाद मिली बंपर जीत से कांग्रेसी गदगद हैं। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा के आवास के अलावा जिला एवं महानगर कार्यालय पर जीत का जमकर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। राहुल गांधी आगामी लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा चेहरा होंगे। इस मौके पर संजीव शर्मा, पवन शर्मा, जाकिर सैफी, सुनील चौधरी, सुभाष शर्मा, पूजा चड्ढा, आसिफ सैफी, नसीम खान, मांगेराम त्यागी, अहसान अली, पूजा चड्ढा आदि मौजूद रहे। उधर, महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने इस जीत से उत्साहित होते हुए कहा कि यह बदलाव का युग है राहुल गांधी का प्रधानमंत्री बनना तय है। तीन राज्यों में कांग्रेस के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और ढ़ोल नगाड़े पर डांस करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष हरेंद्र कसाना ने कहा नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार देश में जीएसटी नोटबंदी कर लोगों को परेशान किया उसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ रहा है।

20 दिसंबर तक वेस्ट मैनेजमेंट की तैयारियां करें पूरी : डीपीआरओ

गाजियाबाद : जिले के 68 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों की विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें इन ग्राम पंचायतों में वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को सही ढंग से बनवाने संबंधी जरूरी निर्देश दिए। वहीं 20 दिसंबर तक सारी तैयारी पूरी करने को कहा गया। वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम इन 68 ग्राम पंचायतों में ही पहले बनना है। बैठक में डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव ने कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट को चालू करने की तैयारियों को 20 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाए। ई रिक्शा और अन्य स्रोत से कचरे को एकत्रित करें। वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम में जैविक कूड़ा अलग किया जाएगा।

कई स्कूल नहीं दे रहे हैं टीकाकरण के लिए तारीख

गाजियाबाद : मीजिल्स और रूबेला जैसी खतरनाक बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए चलाया जा रहा एमआर टीकाकरण अभियान पूरे दिसंबर स्कूलों में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि कई स्कूलों ने टीकाकरण के लिए हामी भर दी है लेकिन टीकाकरण के लिए तारीख स्कूलों से नहीं मिल पा रही है। इस वजह से स्कूलों में अभियान को दिसंबर भर चलाने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि एमआर टीकाकरण अभियान के तहत नौ माह से 15 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। पांच सप्ताह तक चलने वाले अभियान को स्कूलों में शुरुआत के दो सप्ताह चलाया जाना था। लगभग दो सप्ताह इसे पूरे हो चुके हैं। तय लक्ष्य के मुताबिक 3500 स्कूलों में छात्रों का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग को करना है। इसमें से करीब 2500 स्कूलों में साढ़े चार लाख से अधिक बच्चों का टीकाकरण जिले में कर दिया गया है। अभी स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कई स्कूल परेशानी का सबब बने हुए हैं। इनमें पब्लिक स्कूल सबसे अधिक हैं। स्कूलों ने टीकाकरण के लिए हामी भी भर दी है लेकिन लगातार प्रयास के बावजूद स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण के लिए तारीख और समय स्कूलों से नहीं मिल रहा है।

बिल्डर ने तोड़ी सील, मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद : जीडीए द्वारा सील किए गए फ्लैटों की सील तोडने के आरोप में जीडीए द्वारा दो बिल्डरों मुकेश त्यागी और हरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जीडीए प्रवर्तन जोन–3 के सहायक अभियंता आरबी सिंह ने बताया कि मुकेश त्यागी और हरेंद्र ने गोविंदपुरम के शताब्दीपुरम में सिग्नेचर टावर बनाया था। यह भवन पूरी तरह से अवैध था, जिसका नक्शा भी पास नहीं कराया गया। कई बार नोटिस के बाद भी जवाब नहीं मिला तो जीडीए ने भवन में बने 28 में से 10 फ्लैटों पर सील लगा दी। अधिकारियों के मुताबिक 18 फ्लैटों में परिवार रहने लगे थे।

लोन करा फ्लैट और बिल्डिंग कई बार बेच दिए, 11 के खिलाफ मुकदमा

गाजियाबाद : प्लॉट पर तीन मंजिला इमारत बना लोन कराने और फिर अलग–अलग फ्लैट बेचकर दोबारा पूरी बिल्डिंग बेच देने के मामले में कविनगर थाने में बिल्डर समेत 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों ने बिल्डर, उसके रिश्तेदार और बैंककर्मी शामिल हैं। कविनगर थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वर्णजयंतीपुरम में ई ब्लॉक रहने वाले व्यापारी वेद प्रकाश सिंघल ने बताया कि छह फरवरी 2012 को उन्होंने मंजू जे होम्स के प्रमोटर विजयंत जैन से ई ब्लॉक में भूतल पर बना 66 वर्गमीटर का फ्लैट 14.50 लाख रुपये में खरीदा था। आरोप है कि यह फ्लैट 160 मीटर का दिखाकर उन्होंने 2009 में रिश्तेदार अल्का जैन को बेच दिया था। यूनियन बैंक आफ इंडिया के मैनेजर ने मिलीभगत से 5.20 लाख रुपये का लोन भी कर दिया। एक साल पूर्व अखबार में उन्होंने अपने ही फ्लैट की नीलामी की सूचना देखी, जिसके बाद ठगी का पता चला। आरोप लगाया कि विजयंत जैन ने पहले तीनों मंजिलों के फ्लैट अपने रिश्तेदारों को बेचे और फिर उन पर लोन करा दुबारा बेच दिया। आरोपित ने दिल्ली के एक युवक को 200 गज के प्लॉट को बिल्डिंग समेत 90 लाख रुपये में बेच दिया।

प्राधिकरण की बड़ी संपतियों की अब होगी ऑनलाइन नीलामी

गाजियाबाद : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की संपत्तियां खरीदने के लिए अब लोगों को चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्राधिकरण के 2000 वर्ग मीटर से बड़े ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक सहित अन्य व्यावसायिक भूखंडों की अब ऑनलाइन नीलामी होगी। इस सुविधा के लागू होने पर देश के किसी भी कोने से जीडीए की नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। ऑनलाइन नीलामी के लिए जीडीए ने भारत सरकार की स्टील मिनिस्ट्री के उपक्रम मेटल स्क्रेप ट्रेडिंग कारपोरेशन (एमएसटीसी) के साथ करार किया है। नई व्यवस्था के तहत 20 दिसंबर से 2000 वर्गमीटर से बड़े 40 भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी होगी। एमएसटीसी की

वेबसाइट www-mstcindia-co-in पर जाकर नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। लोगों की सुविधा के लिए जीडीए की वेबसाइट से भी लिंक दिया जाएगा। आवेदकों को अपनी लॉग इन प्रोफाइल आईडी बनाने के साथ सभी जानकारी व उससे संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। आईडी बनने के बाद आवेदक को संबंधित निविदा प्रक्रिया की रिजर्व प्राइस से अधिक राशि ऑनलाइन जमा करानी होगी। जिसकी बिड सबसे अधिक होगी, उसकी टेक्निकल व फाइनेंशियल बिड में टेक्निकल कमेटी के निर्णय के बाद अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिया जाएगा। इससे नीलामी में पारदर्शिता रहेगी। जीडीए उपाध्यक्ष की मानें तो पूरी प्रक्रिया को 10 से 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। जीडीए वीसी कंचन वर्मा का कहना है कि प्राधिकरण के बड़े भूखंड की नीलामी अब ऑनलाइन होगी। इसके लिए भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी को जिम्मा दिया गया है। प्रक्रिया को 20 दिसंबर से शुरू कर दिया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया में शामिल होने वालों को ऑनलाइन ही पहले संपत्ति से जुड़ी विस्तृत जानकारी हासिल होगी। इसके लिए नीलामी वाले भूखंड की फोटो के साथ साइट का गूगल लिंक उपलब्ध कराने पर विचार किया जा रहा है। अगर कोई संपत्ति को देखना चाहता है, तो उसे उस स्थान की लोकेशन उपलब्ध हो सकेगी। उसे संपत्ति की जगह की जानकारी के लिए जीडीए के चक्कर भी नहीं काटने होंगे।

नीलामी से बाहर तो ऑनलाइन पैसा होगा रिफंड

ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया में बिड कम रहने के कारण कोई बाहर हो जाता है, तो प्राधिकरण में जमा कराई गई रिजर्व प्राइस राशि व्यक्ति के अकाउंट में रिफंड हो जाएगी। अपना पैसा पाने के लिए लोगों को चक्कर नहीं काटने होंगे।

जीडीए स्कीम के लिए आवेदकों की नहीं लगेंगी लाइन

गाजियाबाद :जीडीए ने अपनी स्कीम को ऑनलाइन करने का फैसला लेने के साथ ही आवेदकों की परेशानी भी कम करने का फैसला लिया है। इसके बाद आवेदकों को लंबी लाइन में लगकर फॉर्म जमा कराने, बैंक की लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा। वहीं, मंगलवार में रजिस्ट्री, म्यूटेशन व फ्री होल्ड कराने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन शुरू हो गई। इस संबंध में जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि जीडीए की तमाम ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आवेदकों को जनहित डॉट यूपीडीए डॉट इन की वेबसाइट पर जाकर अपना अकाउंट बनाना होगा।

इंदिरापुरम को नगर निगम के हवाले करने की प्रक्रिया शुरू

गाजियाबाद : जीडीए ने बड़ी योजना इंदिरापुरम को नगर निगम को सौंपने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में जीडीए और निगम की टीम ने इंदिरापुरम पहुंचकर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। जीडीए पहले चरण में निगम को सड़क, स्ट्रीट लाइट और सफाई का कार्य सौंपेगा। मंगलवार को जीडीए ने निगम को योजना का मानचित्र भी सौंपा। प्राधिकरण के मुख्य अभियंता वीएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम अब इस मानचित्र के हिसाब से सर्वे करेगा। सर्वे के बाद वह प्राधिकरण को बताएगा कि योजना में सड़क, स्ट्रीट लाइट व बिजली का कहां क्या काम बाकी है।

डेढ़ माह में खुलेगा रेरा ई–कोर्ट, आपसी समाधान को बनेगा मध्यस्थता फोरम

गाजियाबाद : बिल्डरों के आवासीय प्रोजेक्ट्स में लोगों की बगैर जुर्माने के प्रावधान वाली शिकायतों का अब ई–कोर्ट के जरिए समाधान हो जाएगा। डेढ़ माह के अंदर तैयार होने वाली ई–कोर्ट के मोबाइल एप, वेबसाइट और खास लिंक के जरिए लोग बिल्डर्स से जुड़ी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। शिकायतों निवारण का स्टेट्स भी मोबाइल एप व अन्य माध्यमों से जांचा जा सकेगा। हिंदी भवन में यूपी रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की विशेष कार्यशाला में रेरा सचिव अबरार अहमद ने कहीं। उन्होंने साफ कहा कि रेरा का गठन खासतौर पर आवंटियों की शिकायतों के समाधान के लिए हुआ है। इसलिए बायर्स की पहले सुनी जाएगी। बिल्डर्स अपील से

पहले एक बार जरूर सोच लें। कार्यशाला में आवंटियों के साथ बिल्डरों, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और जीडीए के अधिकारियों के सवालों व शंकाओं का रेरा सचिव ने समाधान किया। रेरा सचिव ने कहा कि महाराष्ट्र की तर्ज पर प्रदेश में बिल्डरों व बायर्स के बीच मसलों को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए प्रदेश स्तर पर 18 मध्यस्थता फोरम का गठन होगा। फोरम में बायर्स के 5, बिल्डर्स के 5 प्रतिनिधियों के साथ जीडीए के अधिकारी शामिल होंगे। इनमें पांच फोरम ग्रेटर नोएडा व लखनऊ, बाकी अन्य स्थानों पर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर बिल्डर किसी भी सोसाइटी के ले–आउट में परिवर्तन करता है तो उसे दो तिहाई आवंटियों की मंजूरी लेनी होगी। प्रदेश में वर्तमान में 2000 एजेंट ही रेरा में पंजीकृत हैं। गैर पंजीकृत एजेंटों को बुकिंग का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि रेरा में आई 9000 में से दिसंबर तक 2500 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। रेरा के ई–पैनल में तीन रिटायर्ड जजों की नियुक्ति की जाएगी। इनकी तैनाती लखनऊ व ग्रेटर नोएडा में होगी। बिल्डरों को अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट हर तीन माह में सबमिट करनी होगी। रेरा सचिव ने कहा कि रेरा में पंजीकरण के बाद बिल्डरों की स्क्रूटनी का जिम्मा प्राधिकरणों पर होगा।

31 तक पंजीकरण नहीं तो जुर्माना व जेल

रेरा की ओर से बिल्डरों को 31 दिसंबर 2018 तक पंजीकरण का मौका दिया गया है। पंजीकरण के साथ पहले के रजिस्ट्रेशन में संशोधन के लिए भी 31 तक का वक्त है। इसके बाद भी पंजीकरण नहीं कराने वालों को अपने प्रोजेक्ट कॉस्ट का 10 फीसदी जुर्माना देना होगा। इसके बाद 45 दिनों में रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर फिर 10 फीसदी जुर्माना व तीन साल तक की जेल का प्रावधान है।

कंप्लीशन सर्टिफिकेट में बिल्डर नहीं कर सकेंगे खेल

गाजियाबाद : कंप्लीशन सर्टिफिकेट के नाम पर अब बिल्डर खेल नहीं कर सकेंगे। महीनों लटकाने और खर्च बढ़ाने की जुगत नहीं चलेगी। जीडीए हाउसिंग सोसायटीज को कंपलीशन सर्टिफिकेट देने की प्रक्रिया आसान करने जा रहा है। सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने के दौरान बिल्डर को 15 एनओसी एकसाथ जमा करनी होंगी। इसके बाद 15 दिन में सर्टिफिकेट मिल जाएगा। शुरूआत में 12 बड़े प्रोजेक्ट में फ्लैट पर कब्जे का इंतजार कर रहे करीब 4700 आवंटियों को इसका फायदा मिलने जा रहा है। महानगर के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में कंप्लीशन सर्टिफिकेट न मिल पाने के कारण फ्लैट पर आवंटियों को कब्जा नहीं मिल रहा है। बिल्डर प्राधिकरण पर कंप्लीशन सर्टिफिकेट में देरी करने का आरोप लगाते हैं। आरोपों के मद्देनजर जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए सिंगल विंडो पर ही चौक लिस्ट सिस्टम लागू करने का आदेश दिया। इसमें आवेदन के वक्त सभी एनओसी जमा करनी होगी। उसके बाद न्यूनतम 15 में अधिकतम एक महीने में सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाएगा। जीडीए अधिकारियों का तर्क है कि कंप्लीशन सर्टिफिकेट के लिए बिल्डर आवेदन करते हैं लेकिन उनमें विभिन्न एनओसी संलग्न नहीं होती हैं। बिल्डरों को नोटिस जारी कर संबंधित एनओसी जमा करने को कहा जाता है।

आवासीय प्रोजेक्ट में ये एनओसी जरूरी

जीडीए से एप्रूव्ड ग्रुप हाउसिंग या फिर आवासीय टावरों के पूरा होने पर कंप्लीशन सर्टिफिकेट आवेदन के वक्त करीब 15 एनओसी का होना जरूरी है। इसमें अग्निशमन एनओसी, आर्किटेक्चर , नक्शे की कंपाउंडिंग, प्राधिकरण का बकाया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट, लिफ्ट व विद्युत सुरक्षा, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, जेनरेटर, पर्यावरण क्लीयरेंस की एनओसी जरूरी है। इसके साथ ही सोसायटी में एक निर्धारित अनुपात में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के निर्माण संबंधी एनओसी भी जमा करनी होगी।

जिले के सभी डाकघरों में आइपीपीबी की कवायद तेज

गाजियाबाद : इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आइपीपीबी) को जिले के सभी डाकघरों में शुरू करने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक सभी डाकघर जुड़ जाएंगे। अधिकारियों का कहना है डाकघरों में आइपीपीबी को शुरू करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिले के 282 डाकघर के उपभोक्ताओं को इसका लाभ जल्द ही मिलना शुरू हो जाएगा। गाजियाबाद मंडल में डाक विभाग के तीन हेड ऑफिस, तीन सब ऑफिस और नौ ब्रांच ऑफिस में आइपीपीबी के तहत कार्य हो रहा है। इन ऑफिसों में अधिकारियों की तैनाती भी की गई है। गाजियाबाद के सभी डाकघरों में आइपीपीबी सुविधा मिलने से लोगों का लाभ मिलेगा, खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधा दे सकेगा। उपभोक्ता आइपीपीबी के तहत तीन तरह के रेगुलर, बेसिक और डिजिटल खातों को खोल सकते हैं। इन खातों में जमा राशि पर भी अन्य बैंकों के मुकाबले अच्छा ब्याज इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक देगी। प्रवर डाक अधीक्षक राम नरेश सीकरिया का कहना है कि जिले के सभी डाकघरों में आइपीपीबी शुरू करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। कुछ डाकखानों में इसका सेटअप भी लगा दिया गया है।

EDITORIAL

Onion price slump sharpens PM? Narendra Modi's election stakes

Onion prices have a long and layered relationship with Indian politics, having played a role in shaping election results since 1980.Usually governments squirm (and opposition parties rejoice) when the price of the staple is too high for consumers; this time around with a few state poll results due Tuesday and general elections around the corner the problem is the opposite : Prices received by onion farmers are distressingly low. A grower in Maharashtra recently made news when he sent all the money he received for his produce apaltry 1,064 rupees for 750 kilos to the prime minister's charitable fund as a mark of protest. A growing disenchantment with the falteringprofitability of farming has emerged as a political variable. But how much of a risk does it pose to the government? One state election where that question may get answered is Madhya Pradesh. This central Indian state,ruled by Prime Minister Narendra Modi's Bharatiya Janata Party, has a high dependence on agriculture.This goesbeyond rice and wheat, the two cereals that have been the focusof India's food self-sufficiency drive, to includesoybean, mustard, cotton, lentils and, of course, onion.

The core of New Delhi's rural support program is so-called minimum support prices, or MSPs–but these aren't paid on every crop or to every farmer. New Delhi, on average, buys 26 percent of the country's annual wheat cultivation and 28 percent of its paddy outputfor its own granaries, but the figure for mustard is 4 percent and in onion, there are no federal government purchases. State administrations have instead attempted to compensate growers on their own when onion prices collapse and farmer suicides becomes politicallyembarrassing; but their resources are too limited to make a dent.

Similarly, a government-appointed committee found out that in only 6 percent of India's farmers have gained from selling wheat and paddy directly to a state procurement agency, meaning the vast majority aren't even involved in the MSP system. Stateprocurement of wheatisheavily concentrated inPunjab andHaryana; those two northern states, as well asthe southeastern Andhra Pradesh, account for the bulk of government-sponsored ricepurchases. For most farmers and most produce,the MSP — and its lofty goal of giving farmers a 50 percent margin on their cost of production — is an empty slogan. Even the Indian central bank got it wrong when it read a significant bumpin MSPannounced for 14crops in July as a harbinger of higher inflation post their autumn harvest. The program doesn't cover enough of the market to have such a dramatic effect. With market prices below state-procurement prices by as much as half in some instances, the bigger risk now is of disappointing rural demand.There has to be a better way to make the economies work.The state can't be apurchaser of an ever-expanding set of commoditiesit can't stock or sell, and politicians can't forever be seeking rural votes by promisingfiscally expensive debt waivers. Opposition leader Rahul Gandhi has promised to waive loans of farmers in arid northwestern Rajasthan a state exit polls suggest his Congress Party may wrest from Modi's BJP in Tuesday's count within 10 days of forminggovernment. He has made similar promises to voters in Madhya Pradesh, and its neigboring state of Chhattisgarh.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Hospital cleaning staffer starts hunger strike over pay

NOIDA: Failing to get their concerns heard despite a seven-day long strike, one of the housekeeping staffers at the district hospital has started a hunger strike, causing chaos at the facility. Anokhi Lal (45), who is one of the oldest staff members, has decided to spearhead their mission and said he would fast unto death. "I have been working at the district hospital for the past eight years. I have four children and two of them are studying. One of my daughters has started working at a beauty parlour due to our financial condition. The other is not studying. How can we feed our children with a salary of merely Rs 6,000?" he said. The monthly salary of the housekeeping staff, who were getting about Rs 12,700, was reduced to Rs 7,613. A chaos followed at the hospital when the workers on strike tried to stop the workers from the Super Speciality Paediatric Hospital & Post Graduate Teaching Institute (SSPHPGTI) from cleaning the hospital on Thursday morning. As the protest intensified, the authorities of the district hospital called police.

RWAs to test sanitation, upkeep plan

NOIDA: In a pilot project, 10 sectors have been shortlisted by the Federation of Noida Residents Welfare Associations (FONRWA) to carry out horticulture and sanitation work for a trial period of three months. Under the project, one set of five sectors (35, 20, 11, 34 and 51) will carry out all horticulture-related work, while a second set of sectors (47, 49, 51-C, D and F blocks), 52 and sector 66) will undertake the job of sanitation upkeep. In each of these sectors, the RWA federation has offered to carry out the job by charging 75% of the cost of what the Authority currently pays to private contractors.

Three more air quality machines to ready by January

NOIDA: The Uttar Pradesh Pollution Control Board (UPPCB) will start installing three new ambient air-quality monitoring machines in Noida and Greater Noida from Monday. This will take the total number of such machines to six. The installation of these machines, which have been imported in parts, is likely to be over by the end of December and readings will start in January. These will be installed at Balak Inter College near Greater Noida West, at the UPPCB office at Sector 1 and on a Noida Authority plot in Sector 116 to cover the 7x sectors. "The location at Sector 116 has been chosen to cover the 7x sectors, where new apartments have come up recently.

Jumping signal: 900 in Noida to lose licence for three months

NOIDA: Traffic police have recommended suspending for three months the driving licences of 900 Noida residents for jumping signals. All these traffic offences were recorded in August and September this year. Of these 900, the transport department issued notices to 638 violators on Friday, giving them a week's time to hand over their licences. The others had been issued notices before that. Should the notices be ignored, parking attendants and traffic cops will be authorised to seize these vehicles both registration number and the violator's name are on the list if they are spotted. The list will be shared with parking personnel too, officials said. "Under the guidelines of the Supreme Court committee on road safety, names of violators involved jumping a traffic signal have been shared with the department. The committee has directed that licences can be suspended in case a commuter indulges in violations like jumping a signal, drunken driving, speeding and wrong-side driving," SP (traffic) Anil Jha said. ARTO (enforcement) Himesh Tiwari said that he had received the list and the department would suspend the licences for three months.

Final inspection for Aqua Line nod as it eyes Xmas launch

NOIDA: The commissioner of metro rail safety (CMRS) will inspect the 29.7km Aqua Line from December 11 to 13 for the final certification needed to start commercial operations on the corridor that is likely to be inaugurated by Prime Minister Narendra Modi on Christmas day. The Noida Metro Rail Corporation (NMRC) has been expecting an inspection by CMRS S K Pathak for the past one month. The final inspection includes exhaustive checks and re-checks on different public safety mechanisms, including security system, alarms, emergency stops, and entries and exits at all 21 stations of the corridor. Earlier, in the first phase of the checks, the deputy CMRS had conducted a full trial of the metro line along with a two-day test of the rakes that will run along the entire corridor.

UPI app user loses Rs 6.8 lakh from his bank account

NOIDA: A resident of Sector 12 has alleged that he was cheated of Rs 6.80 lakh through the UPI app. A complaint has been lodged at Sector 20 police station that has been referred to the cyber cell. According to 30-year-old Mohan Lal, the amount was transferred from his SBI savings account through the UPI app by hackers in the past two months.

Stuck at the gates, waiting for funds: Why Ghaziabad metro won't start in December

